"इस बार भारत की टीम काफी अच्छी है। बेशक आनंद के इस बार नहीं होने से बड़ा अंतर पैदा होगा। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और हम काफी अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।"
- पी. हरिकृष्णा कुमार

भारतीय शीर्ष रैंक शतरंज खिलाड़ी, शतरंज ओलम्पियाड में आनंद की गैरमौजूदगी को लेकर।

आज का खिलाड़ी ▸ पी आर श्रीजेश

ओलंपिक में पदक के चार दशक के सूखे को खत्म करने के बाद भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के सपने को पूरा करने की कोशिश करेंगे। श्रीजेश ने अपने करियर की तुलना केरल में बनने वाले लोकप्रिय व्यंजन 'अवियल (13 सब्जियों के मिश्रण से बनने वाला)' से करते हुए कहा कि उन्होंने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। उम्र के 34वें पड़ाव पर पहुंच चुके श्रीजेश अपने करियर के आखिरी चरण में कुछ और उपलब्धियां हासिल करना चाहते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर पहला वन डे और पहला टैस्ट भारत व पाकिस्तान के मध्य खेला गया।

बीसीसीआई 2025 महिला एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी की बोली लगाने की तैयारी में

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। भारत के 2025 में महिलाओं के 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी करने की संभावना है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी की बोली लगाने की तैयारी में है। अगर भारत की बोली सफल रहती है तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की यह शीर्ष प्रतियोगिता एक दशक से अधिक समय बाद भारत में वापसी करेगी। भारत ने पिछली बार 2013 में महिलाओं के 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी की थी और तब आस्ट्रेलिया ने मुंबई में फाइनल में वेस्टइंडीज को 114 रन से हराकर खिताब जीता था। आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन बर्मिंघम में होना है और इस बैठक के दौरान अगले चक्र में आईसीसी की चार बड़ी महिला प्रतियोगिताओं के लिए बोली स्वीकार की जाएगी।

लवलीना की कोच संध्या गुरुंग को खेल गांव में प्रवेश मिला

बर्मिंघम, 26 जुलाई। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज़ लवलीना बोरगोहेन की कोच संध्या गुरुंग को राष्ट्रमंडल खेलों के खेल गांव में प्रवेश मिल गया है। लवलीना ने राष्ट्रमंडल खेलों से तीन दिन पहले 'मानसिक उत्पीड़न' का आरोप लगाते हुए कहा था कि उनकी कोच को खेल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। लवलीना ने सोमवार को ट्विटर पर एक पोस्ट साझा करके कहा था , आज मैं बड़े दुख के साथ कहती हूं कि मेरे साथ बहुत उत्पीड़न हो रहा है। हर बार मेरे कोच, जिन्होंने मुझे ओलंपिक में पदक लाने में मदद की, उन्हें हटाकर मेरी ट्रेनिंग में बाधा डाली जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी कोच संध्या गुरुंग को खेल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही थी, जबकि उनके दूसरे कोच को वापस भारत भेज दिया गया था।

फ्रांसीसी बल्लेबाज़ ने तोड़ा टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व रिकॉर्ड

वांता (फिनलैंड), 26 जुलाई। फ्रांस के सलामी बल्लेबाज़ गुस्ताव मैककॉन 18 वर्ष और 280 दिन की आयु में एक अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गये हैं। मैककॉन ने विश्व कप 2024 के तीसरे यूरोप उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर टूर्नामेंट में यह विश्व रिकॉर्ड बनाया। मैककॉन ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ 61 गेंदों पर पांच चौके और नौ छक्के लगाते हुए 109 रन की पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड अफगानिस्तान के हज़रतुल्ला ज़ज़ई के पास था। ज़ज़ई ने 2019 में 20 साल और 337 दिन की आयु में आयरलैंड के खिलाफ 62 गेंदों पर 162 रन की नाबाद पारी खेली थी।

भारतीय खिलाड़ियों को सार्वजानिक स्थलों पर ज्यादा न घूमने की सलाह

बर्मिंघम, 26 जुलाई। भारतीय ओलम्पिक संघ ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय दल के खिलाड़ियों से सार्वजानिक स्थलों पर कोविड-19 के खतरे के मद्देनजर ज्यादा समय न गुजारने की सलाह दी है क्योंकि इसका खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और भागीदारी पर उल्टा असर पड़ सकता है। आईओए ने मंगलवार को एक बयान जारी कर खिलाड़ियों को यह सलाह देते हुए कहा है कि वे अपनी सार्वजानिक उपस्थिति को न्यूनतम रखें और जहां जरूरत हो पूरी सावधानी रखें।

चैम्पीयन बने राजेंद्र व राजीव

जयपुर, 26 जुलाई। जयपुर जिला बैड्मिंटन संघ द्वारा एसएमएस स्टेडियम मे आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 45 वर्ष से अधिक आयु की युगल श्रेणी में राजेंद्र शर्मा वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी ने अपने साथी राजीव शर्मा के साथ संघर्ष पूर्ण मुक़ाबले में प्रतिद्वंदी को हराकर स्वर्ण पदक ख़िताब किया अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में जिले के तक़रीबन 700 खिलाडियों ने भाग लेकर अपना भाग्य आजमाया।

भारत को बड़ा झटका

चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हटे नीरज चोपड़ा



नयी दिल्ली, 26 जुलाई। ओलम्पिक स्वर्ण विजेता और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने चोट चिंताओं के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया है जिससे भारत की इन खेलों में पदक उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। नीरज को अमेरिका के यूजीन में विश्व चैंपियनशिप के दौरान हल्की चोट लगी थी और सोमवार को एमआरआई स्कैन कराने के बाद उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा कि नीरज ने महासंघ से भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) को यह बताने का आग्रह किया है कि वह बर्मिंघम खेलों में भारतीय दल के ध्वजवाहक नहीं बन पाएंगे।

सुमारिवाला ने कहा,नीरज ने कहा है कि वह राष्ट्रमंडल खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सौ फीसदी फिट नहीं हैं। इसलिए वह उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी नहीं बन पाएंगे। नीरज विश्व चैंपियनशिप के फाइनल्स के दौरान रविवार को कुछ संघर्ष कर रहे थे। हम उनके लगातार संपर्क में हैं ताकि उन्हें जल्द ठीक होने में मदद कर सकें।

रविवार को नीरज पहले भारतीय पुरुष एथलीट बने थे जिसने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीता। उन्होंने 88.13 मीटर की दूरी के साथ रजत हासिल किया। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.54 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण जीता।

नीरज चोपड़ा को एक महीने आराम की सलाह

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के शुरू होने से मात्र दो दिन पहले इन खेलों से हटने वाले भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को एक महीने आराम की सलाह दी गयी है। भारतीय ओलम्पिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने कहा,नीरज ने आज सुबह अमेरिका से फोन करके बताया कि वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

मेहता ने बताया कि विश्व चैंपियनशिप में भागीदारी के बाद नीरज का सोमवार को एमआरआई स्कैन कराया गया जिसके बाद उनकी मेडिकल टीम ने उन्हें एक महीने आराम की सलाह दी है। आईओए ने ट्वीट किया ,नीरज अपनी फिटनेस चिंताओं के कारण राष्ट्रमंडल खेलों में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएंगे। हम उनके जल्द ठीक होने की उम्मीद करते हैं और इस चुनौतीपूर्ण समय में उनके साथ खड़े हैं।

रिकॉर्ड छह टीमों के साथ शतरंज ओलंपियाड में उतरेगा भारत

चेन्नई, 26 जुलाई। चेन्नई के महाबलीपुरम में 29 जुलाई से शुरू हो रहे शतरंज ओलंपियाड में कुल 30 भारतीय खिलाड़ियों सहित रिकॉर्ड छह टीमों (तीन ओपन और तीन महिलाएं) हिस्सा लेंगी। तीन भारतीय ओपन टीमें क्रमशः दूसरी, 11वीं और 17वीं वरीयता प्राप्त हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडिया-1 ओपन टीम में विदित गुजराती, पी. हरिकृष्णा, अर्जुन एरिगैसी, एस.एल. नारायण और शशिकरन कृष्णन को चुना गया है।

इंडिया-2 ओपन टीम के सदस्य निहाल सरीन, डी.गुकेश, बी. अधिबान, आर.प्रगनानंद और रौनक साधवानी हैं, जबकि इंडिया-3 ओपन टीम में सूर्य शेखर गांगुली, एसपी सेथुरमन, अभिजीत गुप्ता, कार्तिकेयन मुरली और अभिमन्यु पुराणिक को शामिल किया गया है। संयोग से ओपन टीम के सभी 15 खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हैं। महिला वर्ग में भारत-1 की टीम टॉप सीड है जबकि भारत-2 और भारत-3 की टीम क्रमशः 11वीं और 16वीं वरीयता प्राप्त है।भारत-1 महिला टीम में कोनेरू हम्पी, डी. हरिका, आर. वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी शामिल हैं।

भारत-2 महिला टीम में वंतिका अग्रवाल, सौम्या स्वामीनाथन, मैरी एन गोम्स, पद्मिनी राउत और दिव्या देशमुख हैं। भारत-3 की महिला टीम के लिये ईशा करावड़े, साहिती वार्शिनी, प्रत्युषा बोड्डा, नंदीधा पीवी और विश्व वासनावाला को चुना गया है। भारत चेन्नई के मामल्लापुरम में शतरंज ओलंपियाड के 44वें संस्करण की मेजबानी पहली बार कर रहा है। ओपन वर्ग में 188 टीमों और महिला वर्ग में 162 टीमों के साथ 187 देश इस आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक 2024 का कैलेंडर जारी हुआ

पेरिस, 26 जुलाई। पेरिस ओलंपिक 2024 की आयोजन समिति ने खेल आयोजनों का कैलेंडर जारी कर दिया है। दो साल बाद होने वाले 2024 ओलंपिक में 24 जुलाई और 11 अगस्त के बीच 762 सत्रों में कुल 329 स्पर्धाएं आयोजित होंगी। टीम खेलों की शुरुआत 24 जुलाई से होगी। 27 जुलाई को साइकिलिंग (महिला और पुरुष टाइम ट्रायल), जूडो, तलवारबाजी, डाइविंग, रग्बी, शूटिंग, तैराकी और स्केटबोर्डिंग सहित आठ खेलों में पदक स्पर्धाएं होंगी। सभी तैराकी और एथलेटिक्स फाइनल शाम को होंगे। तैराकी के आयोजन (अंतिम दिन को छोड़कर, शाम 6.30 बजे शुरू होने के साथ) 8.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) और एथलेटिक्स के आयोजन शाम सात बजे से होंगे।

तीन और चार अगस्त का सप्ताहांत भी आयोजनों से भरा होगा। उन दो दिनों में टेनिस, टेबल टेनिस, जूडो, तलवारबाजी, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, निशानेबाजी, साइकिलिंग, गोल्फ, घुड़सवारी, नौकायन, कलात्मक जिमनास्टिक, बैडमिंटन और तैराकी की पदक स्पर्धाएं होंगी। एथलेटिक्स में 110 मीटर और 100 मीटर बाधा दौड़ के फ़ाइनल स्टेड डी फ्रांस में आठ अगस्त को शाम सात बजे से पुरुषों के लिए और 10 अगस्त शाम सात बजे से महिलाओं के लिए होंगे। पेरिस 2024 खेल 11 अगस्त को महिला मुकाबलों के साथ समाप्त होंगे। कुश्ती, भारोत्तोलन और ट्रैक साइकिलिंग का समापन महिला स्पर्धाओं के साथ होगा, जबकि महिला बास्केटबॉल का फाइनल भी इसी दिन होगा।

भारत की नजरें 3-0 की क्लीन स्वीप पर

वेस्टइंडीज से तीसरा एकदिवसीय आज

पोर्ट ऑफ स्पेन, 26 जुलाई। साल 2022 के वनडे मैचों में 11 से 40 ओवरों के बीच वेस्टइंडीज़ के गेंदबाज़ों ने कुल 64 विकेट लिए हैं। यह किसी भी पूर्ण सदस्यीय टीम के द्वारा लिया गया सर्वाधिक विकेट है। भारतीय टीम ने इस दौरान 2022 में 46 विकेट गंवाए हैं। यह किसी भी पूर्ण सदस्यीय टीम के लिए दूसरा सर्वाधिक है। इस लिस्ट में पहला नाम वेस्टइंडीज़ का ही है। उन्होंने 11 से 40 ओवरों के बीच में सबसे ज़्यादा 90 विकेट खोए हैं।

दूसरे वनडे में अक्षर पटेल ने अपनी 64 रनों की धाकड़ पारी की बदौलत मैच को भारतीय टीम के झोली में डाल दिया था। अंतिम 10 ओवरों में भारत को जीत के लिए 100 रनों की आवश्यकता थी। इन 10 ओवरों में रोमारियो शेफ़र्ड ने दो ओवर किए और कुल 27 रन ख़र्च किए। इस साल वनडे में 41 से 50 ओवर के बीच कम से कम 75 गेंद फेंकने वाले गेंदबाज़ों में शेफ़र्ड का इकॉनमी रेट 10.28 है, जो सबसे ख़राब है। इस दौरान उन्होंने सिर्फ़ तीन विकेट ही झटके हैं।

ऐसा लग रहा है कि तीसरे वनडे में कीमो पॉल और जेसन होल्डर टीम में वापसी करेंगे और शेफ़र्ड को बेंच पर बैठना पड़ेगा। वहीं भारतीय टीम की निगाहें सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा पर होगी। टीम प्रबंधन चाहेगी कि ये दोनों बल्लेबाज़ बेहतर प्रदर्शन करें।

भारत ने भले ही दोनों वनडे में 300 का स्कोर बनाया हो लेकिन अल्ज़ारी जोसेफ़ ने दोनों मैचों में 5.35 की इकॉनमी रेट से गेंदबाज़ी की है। इसके अलावा उन्होंने चार विकेट भी झटके हैं। होल्डर की अनुपस्थिति में उन्होंने गेंदबाज़ी क्रम का बढ़िया नेतृत्व किया है।

रविवार को खेला गया वनडे सूर्यकुमार का 12वां वनडे मैच था। इस मैच में वह दहाई के आकड़ें को छूने में असफल रहे और ऐसा उनके वनडे करियर में दूसरी बार हुआ। वह अब तक नौ पारियों में आउट हुए हैं, जिसमें तीन पारियों में वह बोल्ड हुए हैं। तीनों बार भीतरी किनारा लग कर गेंद विकेट पर लगी है।

यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि जेसन होल्डर अंतिम वनडे के लिए फ़िट हो सकते हैं या नहीं। हालांकि अगर वह फ़िट नहीं हुए तो टीम में कीमो पॉल को जगह मिल सकती है।

भारतीय टीम में प्रसिद्ध कृष्णा वापस आ सकते हैं। शायद मोहम्मद सिराज या आवेश ख़ान में से किसी एक को टीम से बाहर रखा जा सकता है। बीसीसीआई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रवींद्र जडेजा को घुटने की चोट के कारण पहले दो वनडे मैचों से बाहर रहना पड़ा था। इसलिए यदि वह टीम में वापस आते हैं तो अक्षर पटेल को टीम से बाहर बैठना पड़ सकता है।

323 की बढ़त के साथ श्रीलंका मज़बूत

गॉल, 26 जुलाई। श्रीलंका ने एंजेलो मैथ्यूज़ (35) और धनंजय डि सिल्वा (30) की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक मंगलवार को 176 रन बना लिये। श्रीलंका की आधी टीम पवेलियन लौट गयी है, लेकिन पाकिस्तान को पहली पारी में 231 रन पर समेटने के बाद वह 323 रन की बढ़त के साथ मज़बूत स्थिति में है। श्रीलंका की दूसरी पारी में पिच की हरकतें उजागर हुई हैं, जहां कुछ गेंदों में अतिरिक्त उछाल व स्पिन देखा गया।

यासिर शाह, मोहम्मद नवाज़ और आग़ा सलमान ने एक-एक विकेट हासिल किया, जबकि नसीम शाह ने दो विकेट लिये। एंजेलो मैथ्यूज़ श्रीलंका के लिये दूसरी पारी में सबसे ज्यादा सकारात्मक दिखे, लेकिन सलमान की अतिरिक्त उछाल भरी एक गेंद पर पवेलियन लौट गये। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान दिमुथ करुणारत्ने 27 रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं, जबकि उनके साथ डिसिल्वा ने 30 रन बना लिये हैं। पीठ में खिंचाव के कारण छठे नंबर पर आये करुणारत्ने और डि सिल्वा ने 59 रन की साझेदारी कर ली है।

पावरगेम और स्मार्टनेस का बेहतरीन समागम हैं अक्षर पटेल

पोर्ट ऑफ स्पेन, 26 जुलाई। मौजूदा वनडे सीरीज़ में अक्षर पटेल को प्लेइंग इलेवन में लगातार जगह दी जा रही है। ऐसे कई कारण थे जिसके कारण अक्षर को इस बार टीम में मौक़ा नहीं मिलता। पांच सालों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा टीम में शामिल होने के लिए पूरी तरह से फ़िट हो, इसके बावजूद अक्षर पटेल को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अगर हार्दिक और जडेजा इस बार एक साथ टीम में मौजूद होते तो दोनों भारतीय टीम के मध्य क्रम में शामिल होते, ऐसे में अक्षर के लिए टीम में जगह बनाना काफ़ी मुश्किल हो जाता।

हालांकि भारत फ़िलहाल जिस रणनीति के साथ खेल रहा है, उसमें 40-45 खिलाड़ियों को मौक़ा दिया जा रहा है। इस रणनीति के साथ भारतीय टीम चाहती है कि टीम के हर खिलाड़ी का बैक अप तैयार रहे। इसी तरह से जडेजा के बैक अप के रूप में अक्षर को तैयार किया जा रहा है। लगातार दिए जा रहे मौक़े को दोनों हाथों से स्वीकारते हुए अक्षर ने दूसरे वनडे मैच में एक अदभुत पारी खेली, जिसमें उन्होंने ताकतवर शॉट, शांत स्वभाव, स्मार्टनेस और चालाकी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जब अक्षर बल्लेबाज़ी करने आए तो भारत को 11 ओवर में 105 रनों की आवश्यकता थी। इसके जवाब में उन्होंने 34 गेंदों में 65 रनों की पारी खेली और मैच का अंत एमएस धोनी की शैली में सिक्सर लगाते हुए किया।

ऐसा नहीं है कि अक्षर ने ऐसा पहली बार किया है। इसी साल आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ इसी तरह की पारी खेली थी। उस मैच में दिल्ली को 40 गेंदों में 74 रनों की आवश्यकता थी और छह विकेट गिर चुके थे। अक्षर ने इस मैच में डैनियल सैम्स और जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज़ों के सामने इस मुश्किल स्कोर को मुमकिन कर दिया।

इन दोनों पारियों में अक्षर ने बताया कि वह कभी भी अपने शॉट्स के बारे में पहले से ही सोच कर नहीं रखते हैं, बल्कि वह गेंद की मेरिट के हिसाब से उसके ख़िलाफ़ शॉट लगाते हैं। वह एक सोची-समझी रणनीति के साथ बल्लेबाज़ी करते हैं। उनकी तकनीक बेहतर होती है और स्मार्टनेस के साथ अपने खेल को वह आगे बढ़ाते हैं।

हालिया समय में इन दोनों प्रदर्शनों के अलावा अक्षर ने दो साल पहले भी अपनी बल्लेबाज़ी क्षमता का प्रदर्शन किया था। उस वक़्त चेन्नई के ख़िलाफ़ शारजाह में अक्षर ने जडेजा को अंतिम ओवर में तीन सिक्सर लगा कर मैच को दिल्ली के पाले में ला दिया था। दिसंबर में भी न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ खेले गए टेस्ट मैच में अक्षर ने पहली पारी में 128 गेंदों का सामना करते हुए 52 रन बनाए थे। उस मैच में उन्होंने एजाज़ पटेल के ख़िलाफ़ काफ़ी रन बटोरे थे।

दूसरे वनडे में उन्होंने जिस तरीक़े की पारी खेली। उसी देखते हुए यह विश्वास कर पाना काफ़ी मुश्किल था कि 22 वनडे पारियों में यह उनका पहला पचासा था। डीप मिडविकेट और लांग ऑन के बीच से उन्होंने कई शानदार शॉट लगाए। उनके हर एक हिट में उनकी मंशा बिल्कुल साफ़ झलक रही थी।

अक्षर ने बीसीसीआई की वेबसाइट से कहा, "आईपीएल में अंतिम 10 ओवरों में सौ रनों का पीछा अक्सर किया जाता है। इसलिए मैं इस इरादे से गया था कि हम इस स्कोर का पीछा कर लेंगे। हमारी सोच थी कि हम हर ओवर में कम से कम एक बार रन बनाने का मौक़ा ज़रूर लेंगे।"

एक बार जब वह अपने सेटअप में और अधिक आश्वस्त होने लगे, तो उन्होंने अपने पावर गेम पर काम करना शुरू कर दिया। वह हमेशा से ही शक्तिशाली थे, लेकिन जब उसने अपने पावर गेम के साथ अपने स्मार्टनेस को जोड़ा, तो बदलाव साफ़ दिखने लगा।

प्रियंक पांचाल (अक्षर के बारे में):- पिछले चार सालों में अक्षर की बल्लेबाज़ी में काफ़ी बदलाव आया है। गुजरात के कप्तान प्रियंक पांचाल ने इन बदलावों को काफ़ी नज़दीक से देखा है। प्रियंक के अनुसार अक्षर अब एक बल्लेबाज़ के जैसा सोच रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि पिछले कुछ सालों में इस तरह की कुछ एक पारियां खेलने से उनका आत्मविश्वास काफ़ी बढ़ा है। पांचाल कहते हैं, "जब आपकी भूमिका एक गेंदबाज़ी ऑलराउंडर की होती है, तो आपमें किसी एक(बल्लेबाज़ी या गेंदबाज़ी) चीज़ पर दूसरे की तुलना में अधिक ध्यान केंद्रित करने की प्रवृत्ति होती है, और अक्षर के साथ यही हो रहा था। जिस क्षण उन्होंने अपने विकेट की क़ीमत को समझा, उन्हें एहसास होने लगा कि वह कहां ग़लती कर रहे हैं। उनकी तकनीक बेहतर होने लगी। वह एक बल्लेबाज़ की तरह सोचने लगे, वह गहराई से विश्लेषण करने लगे कि वह कहां गलत कर रहे हैं, और बेहतर होने की दिशा में काम करने लगे।"

"एक बार जब वह अपने सेटअप में और अधिक आश्वस्त होने लगे, तो उन्होंने अपने पावर गेम पर काम करना शुरू कर दिया। वह हमेशा से ही शक्तिशाली थे, लेकिन जब उसने अपने पावर गेम के साथ अपने स्मार्टनेस को जोड़ा, तो बदलाव साफ़ दिखने लगा। गुजरात में उन्होंने लगातार 5 नंबर बल्लेबाज़ी करते हुए कई मैच टीम की झोली में डाला। यह हमेशा से ही आत्मविश्वास का सवाल था।"

अक्षर की बल्लेबाज़ी में हुए सुधार से वह अपनी टीमों के प्रमुख घटक बन रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके गेंदबाज़ी में कुछ कारगर बदलाव आए हैं। अब वह सिर्फ़ बल्लेबाज़ों को रन बनाने से नहीं रोकना चाहते हैं। इसके इतर वह गेंदबाज़ी के दौरान क्रीज़ का बढ़िया उपयोग करते हैं। हवा में बल्लेबाज़ों को बीट करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा भी उन्होंने अपनी गेंदबाज़ी में कई बदलाव किए हैं। टेस्ट क्रिकेट में तो अक्षर की एंट्री धाकड़ रही है। पहले छह टेस्ट मैचों में उन्होंने कुल 39 विकेट झटके हैं। अक्षर ने अपने खेल में जिस तरह से सुधार किया है, उससे भारतीय टीम को कई विकल्प मिले हैं।

कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज.)

Sr.No.: न.पा.री/2022-23/2238 Date: 2617/2022

Email.ringas.jaipur@gmail.com

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति के नामांतरण हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है-

क्र.सं.	नाम प्रार्थी	क्षेत्रफल	स्थान	प्रयोजन
1.	श्री अशोक कुमार कानूनगो एवं चन्द्रशेखर कानूनगो, निवासी-रींगस	320.57 वर्गगज	कानूनगो का मोहल्ला वार्ड नं. 14 रींगस	पट्टा संख्या 77 दिनांक 10.07.2022 का नामांतरण बाबत

अतः किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों सहित 7 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद अवधि नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका रींगस

प्रारूप-10 (नियम 6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक

क्रमांकः नपासा/2022/1192 **लोक सूचना** दिनांक 26.07.2022

श्री गोपाल लाल पुत्र श्री चंदा लाल जाति ब्राह्मण निवासी मुकन्दपुरा रोड़, भांकरोटा बासडी, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं अर्थातः-

क्र.सं.	जिले का नाम	ग्राम का नाम	खसरा न.	रकबा	चाहा गया उपयोग
1.	जयपुर	लालपुरा	2097/01	कुल किता 1 कुल रकबा 0.5437 हेक्टेयर	5437 वर्गमीटर भूमी को आवसीय में रूपान्तरण हेतु

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..........को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका मण्डल सांभर लेक

कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा/2022-23/1921-22 दिनांक-25/07/2022

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	नाम पत्रावली	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1	संजीव कुमार खुटेटा, रविन्द्र कुमार खुटेटा पुत्रगण स्व.श्री सांवरमल खुटेटा श्रीमाधोपुर	60.00 वर्गगज	आवासीय पट्टा नामान्तरण

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 07 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1917-18 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-25.07.2022

श्री सोहन लाल कसेरा पुत्र स्व. श्री विश्वेश्वर लाल कसेरा, जाति महाजन वार्ड नं.21, सुरानी बार, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.21 अवस्थित व्यावसायिक भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में दुकान श्री नाथू लाल बजाज की, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में आवास श्री शंकरलाल वगैरह खेस्तिका के एवं दक्षिण में मैन रोड़ सुराणी बाजार होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप उत्तर-दक्षिण 26'-6" व पूरब-पश्चिम 14'-4" कुल रकबा 35.28 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.07.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1203-04 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-15.06.2022

श्री रामगोपाल पुत्र श्री भगवान सहाय, जाति मीणा, निवासी-वार्ड नं.15 कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.15 अवस्थित व्यावसायिक भूखण्ड	चर्तुसीमाऐं निम्न प्रकार से हैं-पूरब में आवास श्री रामचंद पुत्र श्री रगमल, आवास श्री सांवरमल पुत्र श्री मोहनलाल का, पश्चिम में आवास श्री मदनलाल पुत्र श्री रामकुमार मीणा, आवास श्री रामस्वरूप पुत्र श्री विरदी चंद, एवं आवास श्री रामेश्वरलाल पुत्र श्री विरदीचंद का, उत्तर में आवास श्री मदनलाल पुत्र श्री गोविन्दराम का एवं दक्षिण में आम रास्ता होकर अवस्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूर्व-पश्चिम उत्तरी भुजा 20'-4"+10'-6"+0'-5" व दक्षिणी भुजा 22'-7"+21'-6"+0'-10" उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 23'-7"+40'-7"+43'-0" व पश्चिम भुजा 46'-0"+26'-0"+37'-0" कुल रकबा 264.43 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक........ को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1914-15 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-25.07.2022

श्री मनोज कुमार गोयल पुत्र श्री सांवर मल गोयल, जाति महाजन, वार्ड नं.20, मौहल्ला कसेरों का, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.20 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में बाडा, श्री राधेश्याम, मोहनलाल वगैरहा बोहरा का, पश्चिम में आम रास्ता उत्तर में 3 फुट चौडी खुली शामिलाती गली व आगे आवास श्री राधेश्याम, मोहनलाल वगैरह बोहरा का एवं दक्षिण में आवास श्री गिरधारी लाल कसेरा का होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 61'-5" एवं उत्तर-दक्षिण 17'-4" होकर कुल रकबा 98.90 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.07.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-ऑक्शन सूचना

निविदा सं. जी-11/सोल राईट/फालना/2019-22 दिनांकः 25.07.2022

1) अजमेर मंडल के फालना स्टेशन पर वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन के लिए खुली ई-ऑक्शन module के माध्यम से www.ireps.gov.in से आमंत्रित की गई है। क्रम. सं.: 1; लोट सं.: ADVT-All-FA-OH-5-22-1 (Advertising-Out of Home). कार्य अवधिः तीन वर्ष। 2) ई-ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि व समयः 16.08.2022 को 12.00 बजे तक। नोटः सभी संभावी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि इस निविदा से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु, वे नियमित रूप से वेबसाईट ई-ऑक्शन leasing module www.ireps.gov.in में देखें।

567-AN/22

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

पश्चिम रेल

इन्डोर एवं आउट डोर सिगनलिंग उपकरण की सप्लाय इन्सटालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग

डिप्टी चीफ सिगनल एवं टेलीकाम इन्जीनियर (निर्माण) पश्चिम रेल, रतलाम निविदा सं. एस.एण्ड.टी/सी/आ.टी.एम./98 आर/2022-23

कार्यालय का नाम "दाहोद-इन्दौर नयी बी जी लाइन" के संदर्भ में "पश्चिम रेल (गुजरात राज्य) के रतलाम डिवीजन के दाहोद यार्ड में इन्डोर एवं आउटडोर सिगनलिंग उपकरण की सप्लाय, इन्सटालेशन, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग" कार्य की अनुमानित लागत-रूपये 2,11,01,984.06, धरोहर राशी की कीमतः रूपय 2,25,500/-, आफर की वैधताः 45 दिन, निलामी प्रारम्भ होने की तिथीः 03/08/2022 बंद होने की तिथी एवं समयः 17/08/2022 के 15.00 बजे. उपरोक्त निविद के अधिक विवरण के लिये कृपया पश्चिम रेल वैबसाइट www.ireps.gov.in पर आयें।

Follow us on: twitter.com/WesternRly

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	32304210	गृह ऋण	1. संगीता परसोया 2. राजेन्द्र परसोया	20.07.2022	31,16,868.61/-	यूनिट नं. एफ-बी, क्षेत्रफल 1020 वर्ग फिट, (दक्षिण भाग की पार्किंग नं. एफ.बी.सहित) पहली मंजिल, वृन्दा अपार्टमेन्ट, प्लाट नं.32, कृष्णा नगर, गोपालपुरा बायपास, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और प्लाट सीमायें है- पूर्व-रोड 30 फिट चौडी, पश्चिम-अन्य सम्पत्ति, उत्तर-प्लाट नं.33, दक्षिण-रोड 30 फिट चौडी

आपको एतदद्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13(13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-

दिनांक- 27.07.2022
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)